<u>गांधी जयंती</u>

आज 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन सेंट जॉन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में समारोह का आयोजन किया गया । इसके अंतर्गत प्रधानाचार्या जी श्रीमती चंद्रलेखा जैन ने कार्यक्रम की अगुवाई की । इसमें उन्होंने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत कराई और उन्होंने गांधीजी के जीवन एवं दर्शन के विषय में सभी को बताया तथा अपने व्याख्यान में, उन्होंने बताया कि गांधी जी को राष्ट्रपिता एवं बापू क्यों कहा गया है । सत्य के प्रति उनकी क्या निष्ठा थी,अहिंसा को किस प्रकार से उन्होंने अपने जीवन में लागू किया । प्रधानाचार्या जी ने अपने व्याख्यान में बताते हुए, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा गांधीजी के मूल्यों को, स्वच्छता अभियान, आयुष्मान भारत, सामाजिक न्याय एवं अन्य योजनाएं जिस प्रकार से लागू की जा रही है, इन प्रयासों की प्रशंसा की । प्रधानाचार्या जी ने समस्त शिक्षकों को प्रधानमंत्री के द्वारा गांधी जी के मूल्यों को, उनकी शिक्षा को, भारत में जिस प्रकार से स्थापित करने के लिए जो प्रयास किए जा रहे हैं, उनमें सहयोग करने की अपील की । कार्यक्रम के दौरान योगिक क्रियाएं भी की गई, जिनमें अनुलोम विलोम प्राणायाम का भी अभ्यास किया गया । कुछ शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए जिसमें एन मिल्खा, लीका गौढ़, मनिका अबराम एवं सीमा जॉन रहे। अंत में प्रधानाचार्या जी ने सभी शिक्षकों को गांधी जयंती की बधाई देते हुए तथा नैतिक मूल्यों की शिक्षा देते हुए कार्यक्रम का समापन किया ।